# प्रसार भारती

# भारतीय प्रसारण निगम

# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 15.07.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपने गृह जिला हमीरपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री हमीरपुर में रानी झांसी पार्क पर नगर निगम की 13 दुकानों का उदघाटन करेंगे और टाउन हॉल परिसर में नगर निगम के कार्यालय भवन का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री टाउन हॉल में ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर बाद शिमला लौट आएंगे।

## कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की धर्मशाला में 16 और 17 जुलाई को प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई है। ये बैठक पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की व्यस्तता के कारण स्थगित हुई बताई जाती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बैठक स्थगित होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अब ये बैठक अगले सप्ताह होगी, हालांकि फिलहाल इसकी तिथि तय नहीं हुई है। इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों, सरकार व संगठन के बीच समन्वय और राजनीतिक नीतियों पर चर्चा होनी थी।

## भाजपा

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर पर्यावरण कानूनों की खुली अनदेखी करने का आरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की व्यवस्था को तहस–नहस कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण निवारण व नियंत्रण अधिनियम के तहत बोर्ड में पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य सचिव की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार ने सचिव पर्यावरण को ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दे दिया है, जो नियमों के विरूद्व है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि विभाग में सभी श्रेणियों के लगभग 85 प्रतिशत भर दिए गए हैं। उन्होंने शिमला में कहा कि सरकार स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन को मजबूत करने पर जोर दे रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने ये भी कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में विभाग में सिर्फ 35 प्रतिशत पद ही भरे हुए थे। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में एक सप्ताह के भीतर पात्र लाभार्थियों को सहारा योजना का लाभ मिलना आरंभ हो जाएगा।

## विपिन परमार

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक विपिन सिंह परमार ने कांगड़ा के परौर स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलीटैक्नीक कॉलेज की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। परमार ने कॉलेज की इस स्थिति के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेवार ठहराया और कहा कि सरकार की लापरवाही ने करोड़ों रूपये की इस संपति को खंडहर बना दिया है। परमार ने इस निर्माणाधीन कॉलेज भवन का दौरा करने के बाद कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने यूवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 30 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना को शुरू करवाया था। लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस कॉलेज के भवन के कार्य को शीघ्र पूरा नहीं किया तो भाजपा इस मुद्दे पर जनआंदोलन करेगी।

## मौसम

मॉनसून के प्रदेश में कई दिनों तक सक्रिय बने रहने के बाद अब इसकी रफतार कुछ धीमी हो गई है। राज्य में बीते दो दिनों से मॉनसून की नाममात्र की वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 17 जुलाई तक मॉनसन के कमजोर बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटियार ने कहा कि 18 से 22 जुलाई के बीच प्रदेश में मॉनसून फिर से सक्रिय रहेगा और इस दौरान अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा की संभावना है। विभाग ने इस अवधि के दौरान भारी वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया है। शोभित कटियार ने कहा कि प्रदेश में जुलाई महीने में अभी तक सामान्य से 21 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है।